आकाशवाणी श्री विजयपुरम

21.05.2025 समय : 1850

- भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने फलों को पकाने में रसायनों का इस्तेमाल न करने की सलाह दी है।
- मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार ने जिला आपदा पॉकेट गाइड और लिटिल अंडमान में ई–कॉर्नर का उद्‌घाटन किया।
- राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत टीकाकरण का 31वां चरण 2 जून से शुरू किया जाएगा।
- किसानों से आगामी खरीफ सीजन के लिए एम ओ पी खरीदने की सलाह।

<><><><><><>

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने सभी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों से फलों को पकाने में गैर स्वीकृत रसायनों का अवैध इस्तेमाल रोकने के लिए जांच बढ़ाने और विशेष कार्रवाई करने को कहा है। फलों पर सिंथेटिक रंग या मोम चढ़ाने के खिलाफ भी कदम उठाने को कहा गया है। सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के खाद्य सुरक्षा आयुक्तों और प्राधिकरण के क्षेत्रीय निदेशकों को फल बाजारों और मंडियों पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है। खाद्य व्यापार के संचालकों से भी मानक संचालन प्रक्रिया का अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा गया है। प्राधिकरण ने कहा कि नियमों के उल्लंघन पर खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

<><><><><><>

द्वीप प्रशासन के मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार ने कल जिला आपदा पॉकेट गाइड का शुभारंभ किया। यह कार्यक्रम प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित किया गया। जिला आपदा पॉकेट गाइड, दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन की एक पहल है, जिसका उद्देश्य स्थानीय समुदाय के बीच आपदा तैयारी और प्रतिक्रिया क्षमताओं को मजबूत करना है। गाइड में क्यूआर कोड या डायरेक्ट डायलिंग के माध्यम से आपातकालीन संपर्कों तक त्वरित पहुँच, गूगल मैप्स एकीकरण के माध्यम से राहत केंद्रों तक कुशल नेविगेशन, समय पर प्रतिक्रिया के लिए सायरन संकेतों की व्याख्या, साइनेज और क्यूआर–लिंक्ड शैक्षिक वीडियो सहित डिजिटल लर्निंग टूल के माध्यम से सुरक्षित और कमजोर क्षेत्रों के बारे में बेहतर जागरूकता जैसे कई प्रमुख विशेषताएं शामिल हैं। इसे हार्ड कॉपी और डिजिटल दोनों स्वरूपों में उपलब्ध कराया गया है। लोग दक्षिण अंडमान जिले की वेबसाइट से गाइड डाउनलोड कर सकते हैं। कार्यक्रम के एक भाग के रूप में मुख्य सचिव ने लिटिल अंडमान में तहसील कार्यालय में एक ई–कॉर्नर का वर्चुअल मोर्ड पर उद्‌घाटन किया। इस सुविधा का उद्देश्य स्थानीय निवासियों के लिए ऑनलाइन सरकारी सेवाओं तक मुफ्त और आसान पहुँच प्रदान करना है। इस पहल के माध्यम से दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन द्वारा दूरदराज के क्षेत्रों में पारदर्शी और नागरिक–अनुकूल सेवा प्रदान करना है। इस अवसर पर मुख्य सचिव ने लिटिल अंडमान के लोगों को वर्चुअली संबोधित करते हुए उनसे ई–कॉर्नर सुविधाओं का पूरा उपयोग करने का आग्रह किया।

<><><><><><>

सरकार ने विभिन्न सोशल मीडिया चैनलों द्वारा चलाए जा रहे उस पोस्ट को खारिज कर दिया है, जिसमें दावा किया गया है कि केंद्र सरकार ने 29 मई से 2 जून के बीच तापमान में 55 डिग्री सेल्सियस तक की संभावित वृद्धि पर हाई अलर्ट जारी किया है। पत्र सूचना कार्यालय की फैक्ट चैक यूनिट ने स्पष्ट किया कि सरकार ने ऐसी कोई अधिसूचना जारी नहीं की है और नागरिकों को मौसम विभाग की आधिकारिक वेबसाइट देखने का निर्देश दिया है।

<><><><><><>

डॉ बी आर अंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में फार्मासिस्ट के पद पर नियुक्ति की जाएगी। उम्मीदवारों को कल से प्रशासन की भर्ती पोर्टल से हॉल टिकट डाउनलोड करने को कहा गया है।

<><><><><><>

अंडमान कॉलेज में शैक्षणिक सत्र दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए अतिथि प्रवक्ताओं की सूची तैयार करने का प्रस्ताव है। बी.कॉम, बी ए, बी बी ए, बी पी ए, हिन्दी, तमिल, बांग्ला जैसे कई विषयों के लिए नियुक्त होने वाले प्रवक्ताओं को प्रति लेक्चर एक हजार पांच सौ रूपये का मानदेय दिया जाएगा, जिसकी अधिकतम सीमा पचास हजार रूपये प्रतिमाह होगी। यह नियुक्ति पूरी तरह से अस्थाई आधार पर होगी। उम्मीदवार कॉलेज की वेबसाइट से आवेदन पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। पात्रता शर्तों को पूरा करने वाले पात्र उम्मीदवार दस्तावेजों के साथ उन्नीस जून शाम तीन बजे तक अपना आवेदन कॉलेज कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

उधर, महात्मा गांधी कॉलेज मायाबंदर में भी यू जी पाठ्यक्रम के विभिन्न विषयों के लिए स्रोत अधिकारियों का पैनल तैयार किया जाएगा। चयनित प्रवक्ताओं को प्रति लेक्चर एक हजार पांच सौ रूपये का मानदेय दिया जाएगा, जिसकी अधिकतम सीमा पचास हजार रूपये प्रतिमाह होगी। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन फार्म कॉलेज के प्राचार्य के पते पर पच्चीस जून तक जमा किए जा सकते हैं। आवेदन प्रपत्र कॉलेज की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है।

<><><><><><>

राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत श्री विजयपुरम में खुरपका–मुंहपका रोग टीकाकरण का 31वां चरण 2 जून से शुरू किया जाएगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत पशु चिकित्सा संस्थानों के माध्यम से पशुपालन और पशु चिकित्सा सेवा विभाग द्वारा एक सामूहिक कृमि मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है, ताकि न केवल गोजातीय पशुओं बल्कि अन्य पशुओं और मुर्गियों को भी कृमि मुक्त किया जा सके। पशुपालकों और मुर्गीपालकों से अपने पशुओं का टीकाकरण कराने का अनुरोध किया गया है।

<><><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय ने हाल ही में स्वास्थ्य सेवा निदेशालय और समग्र क्षेत्रीय केंद्र के सहयोग से दिव्यांगजनों के लिए विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य विशिष्ट चिकित्सा दिव्यांगजन पहचान कार्ड बनाना और पात्र दिव्यांगजनों का व्यापक चिकित्सा मूल्यांकन करना था। इस अवसर पर स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के चिकित्सा बोर्ड की सदस्य डॉ. तमन्ना ने कुल 56 दिव्यांगजनों का मूल्यांकन किया। समाज कल्याण विभाग के यू डी आई डी राज्य समन्वयक अंबिका पॉल ने इस शिविर के आयोजन पर प्रकाश डाला।

यह शिविर कल और 23 तारीख को बम्बूफ्लाट के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लगेगी। इसके अलावा 24 मई को जी बी पंत अस्पताल और सत्ताईस मई को हटबे के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में शिविर आयोजित किया जाएगा। मध्योत्तर अंडमान और निकोबार ज़िले के विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों पर भी शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस बारे में अधिक जानकारी के लिए, से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><>

कृषि विभाग की ओर से खरीफ–पूर्व प्रभावी तैयारियों को सुनिश्चित करने के लिए, कृषि उप–डिपो के माध्यम से कृषि आदानों के वितरण सहित व्यापक गतिविधियाँ शुरू की गई हैं। इस पहल के तहत सभी क्षेत्रों में कृषि उप–डिपो पर पर्याप्त मात्रा में म्यूरेट ऑफ पोटाश उपलब्ध किया गया है। किसानों को छः सौ सत्ताईस रूपये पचास पैसे की रियायती दर पर प्रति 50 किलोग्राम बैग एमओपी प्रदान किया जा रहा है। द्वीपसमूह के सभी किसानों, कृषक समुदायों और हितधारकों को आगामी खरीफ सीजन के लिए 7 जून तक अपने निकटतम कृषि उप–डिपो से आवश्यक मात्रा में एमओपी खरीदने की सलाह दी गई है। उप–डिपो 7 जून तक सप्ताह में चार दिन– सोमवार, बुधवार, गुरुवार और शनिवार को खुले रहेंगे।

<><><><><><><>